हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़–123031(हरियाणा), भारत
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

Central University of Haryana
Mahendergarh-123031 (Haryana), India
NAAC ACCREDITED 'A' GRADE UNIVERSITY

प्रो. आर. सी. कुहाड़, *कुलपति*
(एफएएमएससी, एफएनएएससी, एफएनएएएस, एफबीआरएस)

Prof. R.C. Kuhad, *Vice-Chancellor*
(FAMSc, FNASc, FNAAS, FBRS)

Achieving Through Believing

क्रमांक / No. .... दिनांक / Date: ....

कुलपति महोदय का सन्देश

नमस्कार,

प्रिय विद्यार्थियों, जैसा कि आप जानते हैं कि हमारा देश और पूरा विश्व कोरोना कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। हमारे वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के सम्मिलित प्रयास से कोरोना कोविड-19 से बचने के लिए, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए, वैक्सीन तैयार कर ली गई है। हमारी सरकार व मेडिकल योद्धाओं के सतत प्रयास से अभी तक देश के लगभग 14 करोड़ लोगों को यह वैक्सीन दी जा चुकी है। भारत सरकार ने आगामी एक मई, 2021 से 18 वर्ष से अधिक उम्र के देश के प्रत्येक नागरिक को वैक्सीन देने के लिए निर्देशित किया है। मैं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से अनुरोध करता हूँ कि वे शीघ्रता से इस वैक्सीन के लिए अपना पंजीकरण कराएं और वैक्सीन लगवाएं। साथ ही साथ वह अपने परिजनों, दोस्तों, पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। वैक्सीन लगवाने के मामले में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देश के सभी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान पर पहुंचे, यह आपके सम्मिलित प्रयास से ही सम्भव है। आप सपरिवार स्वस्थ रहें, अपना ध्यान अपने अध्ययन पर केंद्रित रखें और आशा रखें कि यह महामारी बहुत जल्द ही हमारे बीच नहीं रहेगी और हम सब पुनः विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र होकर पूर्व की भांति सभी कार्यक्रमों को आयोजित करेंगे और भाग लेंगे।

आप सपरिवार स्वस्थ रहें, खुश रहें, हमारी हार्दिक शुभकामनाएँ स्वीकार करें।

बहुत-बहुत धन्यवाद!

आपका,

रमेश चन्द्र
25.04.2021

(प्रो. आर. सी. कुहाड़)